Uttar Pradesh News: बेहतर कानून-व्यवस्था की वजह से योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को बताया निवेशकों की पसंदीदा जगह

Uttar Pradesh News: योगी ने कहा कि कभी उत्तर प्रदेश दंगों के लिए जाना जाता था। उन्होंने कहा, ''रोज दंगे होते थे, जिससे विकास बाधित होता था और प्रदेश में कोई आना नहीं चाहता था, लेकिन पिछले पांच साल में प्रदेश में कोई दंगा नहीं हुआ। राज्य में भारी निवेश हो रहा है और रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं।''

Image Source : PTI

Yogi Adityanath

Uttar Pradesh News: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार के कारण राज्य निवेशकों का पसंदीदा स्थान बन गया है। योगी ने कहा कि कभी उत्तर प्रदेश दंगों के लिए जाना जाता था। उन्होंने कहा, ''रोज दंगे होते थे, जिससे विकास बाधित होता था और प्रदेश में कोई आना नहीं चाहता था, लेकिन पिछले पांच साल में प्रदेश में कोई दंगा नहीं हुआ। राज्य में भारी निवेश हो रहा है और रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं।'' एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, आदित्यनाथ ने शनिवार को बिजनौर में 267 करोड़ रुपए लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम के बाद अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था की सराहना की।

उत्तर प्रदेश में व्यापारियों और उद्यमियों की सुरक्षा में सेंध नहीं लगने दी जाएगी -योगी

मुख्यमंत्री योगी ने हाल में जारी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश देश का एक ऐसा राज्य बन गया है जहां साढ़े पांच वर्षों में कोई दंगा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश विकास के बारे में सोच रहा है और प्रदेश में राजमार्ग, एक्सप्रेस वे और हवाई अड्डे बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश 'एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज' का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''हम हर नागरिक को सुरक्षा देंगे, लेकिन अगर किसी ने सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य किया, तो सरकार अपराध और अपराधियों को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के तहत कार्य करेगी।'' योगी ने कहा कि 'डबल इंजन' सरकार (केंद्र एवं राज्य में एक ही दल की सरकार) की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के समाज के प्रत्येक तबके को देने की दिशा में जो प्रयास प्रारंभ हुए हैं, वे आज सार्थक परिणाम दे रहे हैं। राज्य में कानून का शासन बहाल होने के कारण पिछले साढ़े पांच साल में उत्तर प्रदेश ने काफी प्रगति की है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कर रही है। उन्होंने कहा कि वह बिजनौर के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विकास का खाका तैयार करेंगे।

मुरादाबाद मंडल में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की

मुख्यमंत्री ने शनिवार को मुरादाबाद मंडल (संभाग) का भी दौरा किया और वहां चल रहे विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने मुरादाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए संभाग के सभी पांच जिलों में सरकार की योजनाओं और परियोजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और अन्य विभागों की पाबंदियों के कारण 2017 तक लघु, कुटीर एवं मध्यम उद्योग से जुड़े लोग मायूस होकर पलायन कर रहे थे, लेकिन 2018 में शुरू हुई 'एक जिला-एक उत्पाद' (ओडीओपी) की अभिनव योजना से मुरादाबाद का पीतल का कारोबार 4,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 10,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।